# प्रेस नोट थाना राजघाट जनपद गोरखपुर दिनांक 19.08.2026

## कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय से गुमशुदा तीन छात्राओं को थाना राजघाट पुलिस द्वारा 15 घंटे के अंदर सकुशल बरामद किया गया

पुलिस अधीक्षक नगर जनपद गोरखपुर के निर्देशन में, क्षेत्राधिकारी कोतवाली गोरखपुर के पर्यवेक्षण में व थानाध्यक्ष गौरव कुमार वर्मा थाना राजघाट के नेतृत्व में मय पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 146/2026 धारा 137(2) बीएनएस से संबंधित गुमशुदा 03 बालिकाओं को 15 घंटे के अंदर सकुशल बरामद कर लिया गया। नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**घटना का विवरण-**

दिनांक 18.08.2026 की रात्रि में थाना राजघाट क्षेत्रान्तर्गत स्थित कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय की वार्डेन द्वारा सूचना दी गयी कि विद्यालय में पढ़ने वाली तीन छात्राएं खाना खाने के बाद बिना बताए कहीं चली गयी हैं। सूचना पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 0146/2026 धारा 137(2) बीएनएस के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए थानाध्यक्ष के नेतृत्व में तीन पुलिस टीमों का गठन कर रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड तथा विद्यालय के आसपास के क्षेत्रों में सीसीटीवी फुटेज चेक किया गया, जिसमें तीनों छात्राएं दिखाई दीं। सीसीटीवी फुटेज एवं अन्य माध्यमों से उनके मूवमेंट को ट्रैक करने पर उनके सिंघड़िया, एम्स क्षेत्र से होते हुए एयरपोर्ट के पास स्थित बिहार बस स्टैण्ड तक पहुंचने की जानकारी प्राप्त हुई, जहां पर बच्चियों के बिहार जाने की जानकारी हुई। प्राप्त सूचना के आधार पर एक टीम को बिहार रवाना किया गया। कुछ समय पश्चात पुनः जानकारी मिली की उक्त बच्चियां रास्ते में से किसी वाहन से वापस गोरखपुर आ रही हैं। जिस पर पुलिस टीम द्वारा पुनः गोरखपुर के लिए रवाना होकर एयरपोर्ट के पास स्थित बिहार बस स्टैण्ड से तीनों छात्राओं को घटना के लगभग 15 घंटे के अंदर सकुशल बरामद कर लिया गया।

### बरामद करने वाली पुलिस टीम-

1. थानाध्यक्ष गौरव कुमार वर्मा थाना राजघाट गोरखपुर।
2. उ0नि0 योगेन्द्र कुमार पाण्डेय चौकी प्रभारी पाण्डेयहाता थाना राजघाट गोरखपुर।
3. उ0नि0 संजय सिंह चंदेल चौकी प्रभारी ट्रांसपोर्ट नगर जनपद गोरखपुर।
4. उ0नि0 आनन्द उपाध्याय चौकी प्रभारी रहमत नगर जनपद गोरखपुर।
5. उ0नि0 विकास यादव थाना राजघाट जनपद गोरखपुर।
6. म0उ0नि0 पूनम थाना राजघाट जनपद गोरखपुर
7. का0 राकेश यादव थाना राजघाट जनपद गोरखपुर
8. का0 ललित यादव थाना राजघाट जनप गोरखपुर
9. का0 सूरज यादव थाना राजघाट जनपद गोरखपुर
10. का0 अजीत यादव थाना राजघाट जनपद गोरखपुर।
11. म0का0 पुनीता राव थाना राजघाट जनपद गोरखपुर।